विकल्पशान्ति रूप उपाय से जब सुषुम्नाधाम का विकास होता है तो न प्राणवायु हृदय से द्वादशान्त की ओर प्रस्थान करेगी ना ही अपान वायु द्वादशान्त से हृदय की ओर मुंह मोड़ेगी। इस प्रकार प्राणापान की गति के शान्त हो जाने से साधक साक्षात् भैरव स्वरूप ही हो जाता है। अर्थात् निर्विकल्प - अनुसन्धान के बल से ही मध्य विकास होने पर प्राणापान दोनों लय हो जाते हैं। तत्पश्चात् योगी भैरव रूपता को प्राप्त करता है। स्मरण रहे कि इस अवस्था का अनुभव करने के पश्चात् योगी को व्युत्थान दशा में अवतरित होकर भी शिवीभावात्मिका स्थिति का साम्राज्य बना ही रहता है। फलस्वरूप वह साधक जीवन्मुक्त ही कहलाया जाता है।

मध्ये - सुषुम्नाधाम अर्थात् सुषुम्ना का मार्ग। मध्यधाम को सुषुम्ना कहते हैं। मेरुदण्ड (spinal cord) के भीतर से होकर ऊपर मस्तिष्क की ओर सुषुम्ना नाड़ी जाती है। मनुष्य में साधारण तौर पर प्राण और अपान शक्तियां ही क्रिया-शील रहती हैं। जब योग के अभ्यास से प्राण और अपान की धाराएँ समान बलवाली हो जाती हैं तब मध्य अर्थात् सुषुम्ना का मार्ग खुल जाता है। सुषुम्ना की दोनों ओर इड़ा और पिंगला नाड़ी होती है। इड़ा बाईं ओर,

और पिंगला दाहिनी ओर सुषुम्ना नाड़ी की होती है। इड़ा को सूर्यनाड़ी और पिंगला को चन्द्रनाड़ी कहते हैं इड़ा में प्राण का प्रवाह और पिंगला में अपान का प्रवाह होता है। ये दोनों नाड़ियां धनुषाकार वत् टेढ़ी हैं। ये नासारन्ध्र तक गई हैं। सुषुम्ना, इड़ा और पिंगला तीनों का आज्ञाचक्र के पास संयोग होता है जो कि "त्रिवेणी" कहलाता है।

शांभव दृष्टि से 'मध्य' सर्वव्यापी चित् है जो कि सबके भीतर की मध्यभूत सत्ता है। वह परमशिव की अहं चेतना है। शाक्तोपायकी दृष्टि से "मध्य" ज्ञान और क्रिया है। अर्थात् परासंविद् है जिसे प्राप्त करना है। आणवोपाय की दृष्टि से मध्य-मध्य नाड़ी है।

निर्विकल्पतया—विकल्प क्षय के कारण

विकासिते—एकाग्रता के स्थापित होने पर। यह विशेषण (Adjective) है 'मध्ये' का।

मरुद्रूपा—वायुरूप

शक्ति—प्राण और अपानात्मक शक्ति

न व्रजेत्—न तो हृदय से द्वादशान्त तक जायेगी

न विशेत्—न द्वादशान्त से हृदय की ओर प्रवेश करेगी।

तया—सुषुम्ना के विकास से

भैरवरूपता—भैरवरूप को योगी धारण करता है। शाम्भवोपाय साधना का इसमें संकेत है क्योंकि यहां निर्विकल्पभाव का उल्लेख है। यह शाक्तोपाय साधना की धारणा नहीं हो सकती है।

शाम्भवोपाय उन सिद्ध साधकों के लिए है जो शिव चेतना युक्त होते हैं। साधक पहले पंचकृत्य पर मनन करता है फिर विकल्प क्षय की साधना करता है और इस विचार पर मनन करने का अभ्यास करता है कि विश्व केवल चित् का प्रतिबिम्ब हैं अन्त में वह इन साधनाओं का भी त्याग कर शुद्ध स्वाभाविक अहं विमर्श को प्राप्त करता है।



।। ओं गुरवे नमः ।।

पारमार्थिक पथ के पथिक

सुश्री प्रभादेवी

परमार्थ को जितने सामान्य अर्थ में जनसाधारण ने समझा है, उतना सरल यह मार्ग नहीं है। प्रथम तो इस पथ के पथिक को स्वयं ज्ञात नहीं होता कि वह कैसे क्यों और क्या समझ कर इस पथ का पथिक बना है। शक्तिपात होने से वह बलजोरी इस मार्ग पर चलने लगता है। उपनिषद् के शब्दों में "यमैवेष वृणुते तेन लभ्यः"—जिसे ही भगवान् वरण करेंगे—चाहेंगे वही इस पारमार्थिक सागर की थाह को पा लेता है। श्री अभिनवगुप्त जी भी कह गये—'न तु अत्र कोऽपि स्वात्मीय-पुरुषकारः सिद्धयति",

"सर्वेषाम नाऽत्र अधिकारः"—

जीवकृत पुरुषकार से यह मार्ग प्राप्य नहीं है और न ही सभी इस मार्ग के पथिक बनने का अधिकार रखते हैं। तुलसीदास जी भी कह गये—"सो जानहि जेऊ देहि जनाई"—भगवान् को वही जानते हैं, जिन पर वह कृपा करें। इस मार्ग में तो भगवत् शक्तिपात का होना ही ईप्सित है।

इस मार्ग के पथिक सभी जातियों में पाये जाते हैं—शक्तिपात तो निरर्गल है। प्रभु की कृपा जिस मानव पर हो जाये वही कृतकृत्य हो जाता है। इस विश्व में, वह रहते हुए भी किसी अन्य अलौकिक मस्ती में रहते हैं। उनका उठना, बैठना, चलना, फिरना, खाना, पहरना, बात करना, निराले ढंग का होता है। गीता जी के शब्दों में वे—तन्मय बुद्धि वाले, तन्मय आत्मा वाले, तन्मय निष्ठा (श्रद्धा) वाले और उसी परमात्मा में मन लगाने वाले, आत्म-ज्ञान से पापों को धो डालने वाले साधक होते हैं जो करामलकवत् मोक्ष को प्राप्त करते हैं। बाह्यजगत् में वे अपनी भैरवीभाव की छाप अन्य लोगों पर भी डालते हैं, जिसके फलस्वरूप लोग उनके पीछे ही लग जाते हैं। उन्हें उनके संपर्क में अलौकिक आनन्द का अनुभव होने लगता है, वे उन्हें सन्त, महात्मा, परमहंस योगी आदि का नाम देकर, उन पर तन, मन, धन तक न्यौछावर करके अपने को भाग्यशाली समझते हैं। इतना ही नहीं वे चाहते हैं आजन्म इन पारमार्थिक पथिकों के संपर्क में रहें तभी हम मोक्ष की ओर अग्रसर होंगे। ऐसा होना भी शक्तिपात का ही फल होता है। तन्त्रों में कहा है—

"शक्तिपात वशाद् देवि ! नीयते सद्गुरुं प्रति।
दीयते परमं ज्ञानं क्षीयते कर्मबासनाः ।।"

– हे पार्वती शक्तिपात से ही शिष्य बलजोरी परम गुरु के पास पहुंचाया जाता है, वह उसे परमज्ञान प्रदान करके, कर्मों की वासना समाप्त कर देते हैं। ऐसे महान योगी ही श्री गीता जी के शब्दों में 'स्थित-प्रज्ञ' कहलाते हैं–वे मन में ठहरे हुए सभी कामनाओं को त्याग देते हैं–उन से न्यारे हो जाते हैं। तब स्वयं ही अपने आप में तृप्त होकर दृढ़ प्रज्ञा वाले कहलाते हैं।

दुःख में उनका मन व्याकुल नहीं होता, सुख प्राप्ति की उन्हें कोई अभिलाषा नहीं रहती। राग, भय और क्रोध की भावना उनमें नहीं रहती। ऐसे मुनि स्थिर बुद्धि वाले कहलाते हैं।

वे हर प्रकार से स्नेह-रहित होकर बेलाग रहते हैं। भले-बुरे की न तो आवभगत करते हैं और न ही बुरे की अवहेलना करते हैं। उनकी बुद्धि दृढ़ होती है।

कछुआ जैसे अंगों को अपने में समेट लेता है, वैसे ही ये परमहंस इन्द्रियों के विषयों से, इन्द्रियों को पूरी तरह से समेट लेते हैं, तब वे स्थित-प्रज्ञ कहलाते हैं।

वे अपनी इन्द्रियों को मन की एकाग्रता से वश में करके योगस्थ होकर मुझ (परमात्मा) में टिक जाते हैं क्योंकि इन्द्रियां जिन के भी वश में होती हैं, उनकी ही प्रज्ञा स्थिर होती है।

इनके विपरीत-विषयों का ध्यान करने वाले व्यक्तियों का, उन विषयों से पहिले तो लगाव होता है। लगाव से इच्छा विषय-भोगने की उत्पन्न होती है। इच्छा में बाधा पड़ने पर क्रोध उत्पन्न होता है। क्रोध से संमोह–नास्तिकता का भाव उपजता है। संमोह होने से स्मरण ढीला पड़ता है। स्मरण के ठिकाने न रहने से, मत मारी जाती है। बुद्धि के नष्ट होने से वह कहीं का नहीं रहता।

इसके विपरीत आत्मवशी साधक राग और द्वेष से छूटी हुई, बस में की गई इन्द्रियों से विषयों का सेवन करता हुआ, अन्तःकरण की निर्मलता को प्राप्त करता है।

मन के निर्मल होने से इस योगी के सभी दुःखों का अन्त हो जाता है – प्रसन्नचित्त पुरुष की बुद्धि शीघ्र ही समाधि में पूरी तरह टिक जाती है।

सभी जीवों के लिए जो मायारूपी रात है, उस में स्थित-प्रज्ञ योगी सजग रहता है और जिस लोक-व्यवहाररूपी दिन में सभी लोग जागते रहते हैं वही तत्त्वदर्शी मुनि की रात है।

लबालब भरे जाने पर भी स्थिर रहने वाले समुद्र के भीतर जैसे जल के प्रवाह घुसते घुसते ही शान्त हो जाते हैं, वैसे ही जिस धैर्यवान साधक के भीतर सभी कामनायें उपजते उपजते ही शांत हो जाती हैं वही परम शांति को प्राप्त करते हैं। भोगों को चाहने वाले नहीं।

इसी स्थितप्रज्ञ दशा पर आसीन हमारे आराध्यदेव गुरु प्रवर थे। महाराज जी के, प्रति-कर्म में अलौकिकता की झलक प्रतिफलित होती थी। वे सदा कहा करते थे–''योगः कर्मसु कौशलम्'' – योग की साधना में जुट जाओ क्योंकि कर्मों को निभाने में अवधानात्मक चातुर्य ही योग है। महाराज जी का हृदय समय-समय पर अनेकों भावों से क्षणमात्र के लिए रंजित अवश्य होता था, किंतु तत्क्षण वे भाव पारमार्थिक ढंग में रंगे हुए अनुभव में आते थे। क्रोध, क्षमा, वात्सल्य, सहानुभूति, दया, शांति आदि सभी मनोभावों में अलौकिक पारमार्थिक पुट रहती थी। भक्तजन सतृष्ण नेत्रों से गुरुमहाराज को देखने में ही अपना कल्याण समझते थे। हमारी बुद्धि की समझ से बाहिर महाराज जी का सभी कार्यक्रम होता था। समय का सदुपयोग, नियत समय का पालन करना तथा मितभाषण महाराज जी के सराहनीय गुण थे। अभ्यास पर ताक लगाये रखने में वे अति प्रवीण थे। स्वप्न-संसार पर भी उनका आधिपत्य था। वे स्वप्न देखते देखते विज्ञानाकल दशा में प्रवेश कर जाते थे। यह अनुभव महाराज जी यदा-कदा दयालु बन कर सुना देते थे। मैंने एक बार अपनी बाल-सुलभ बुद्धि के अनुसार महाराज जी से पूछा–भला बात करते करते अभ्यास की ओर ध्यान कैसे रहेगा तो गुरुदेव ने सरल शब्दों में समझाया–जैसे किसी भी व्यक्ति को चलते फिरते, उठते बैठते या बोलते समय अपनी जेब में रक्खे हुए धन की ओर स्वभावतः ध्यान रहता है, उसी भांति सजग साधक को अपने विमर्श के प्रति ताक लगी रहती है। यह ताक लगाने की टेंव, अहर्निश अनुसन्धान करने से ही लगती है। अतः साधक को सदा विमर्श-परायण ही रहना चाहिये। व्यर्थ की झंझटों में पड़ने से यह सजगता पनपती नहीं है। इसमें राग, द्वेष, जुगुप्सा, ग्लानि आदि निन्दनीय भावों के आवरण आ जाते हैं, जिस से अभ्यास में शैथिल्य आ जाता है। शिथिलता आने से हम शिष्य बनने के अधिकारी नहीं कहला सकते। अतः हम गुरुमुख न होकर उससे कोसों दूर धकेले जाते हैं। सदा अपने अभ्यास में सजग रहकर यदि हम छोटी छोटी अवर बातों को पनपने न दें तो हम भी एक दिन परमार्थमार्ग के पथिक बन जायेंगे। तभी तो गुरु-प्रसाद के हम भागी बनेंगे और हमारा मोक्ष-प्राप्ति का लक्ष्य सिद्ध होगा।



शैवदर्शन के वातायन से

प्रो० नीलकंठ गुर्टू

शून्याभिमानी—आत्मा के वास्तविक स्वरूप के विषय में प्राचीन भारतीय दार्शनिकों की अलग-अलग मान्यताएँ रही हैं। स्थूल काया, प्राण, बुद्धि, पुर्यष्टक - इन पर वास्तविक आत्माभिमान रखने वाले लोग अपने-अपने दृष्टि-कोण के अनुसार इस विषय पर विचार करते थे। ऐसे दार्शनिकों में से कई लोगों का विचार था कि जड शरीर प्राण इत्यादि आत्मा नहीं हो सकते, अतः देह, प्राण इत्यादि विकल्पों के पूरे अभाव, जिसको शून्य कहते हैं, की दशा ही वास्तविक आत्मा है। उन विचारकों का शास्त्रीय नाम शून्याभिमानी और उनकी मान्यता का शास्त्रीय नाम शून्याभिमानिता है।

ज्ञानवैभव—शैवमान्यता के अनुसार अपने अंतस् में अपने वास्तविक चित्-रूप अर्थात् इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया शक्तियों के रूप वाले शक्ति त्रिशूल के निर्विराम रूप में चलते रहने वाले स्वाभाविक स्पंदन की अनुभूति होने को ज्ञान का अधिगम और विस्तार अर्थात् चतुर्दिक् प्रकाशमानता को ज्ञान का वैभव कहा जाता है।

अनुभूतचर्—ऐसे किसी भाव या पदार्थ को अनुभूतचर् कहा जाता है जिसका पूर्वकाल में अनुभव किया जा चुका हो और संप्रति केवल उसकी स्मृति अवशिष्ट हो। संस्कृत में चरट् प्रत्यय किसी पदार्थ की भूतकालीन वर्तमानता को अभिव्यक्त करता है।

घटगगन—गगन शब्द असीम शून्य आकाश का वाचक है। शून्याकाश अपने स्थान पर अखंड एवं असीम है। परन्तु शून्य मंडल को जब पोले या खोखले पदार्थों के अन्तर्वर्ती अलग-अलग आकार वाले एवं छोटे, बड़े, मझोले इत्यादि शून्यों की दृष्टि से देखा जाए तो असीम आकाश के संकुचित खंडों की कल्पना भी की जा सकती है। ऐसे संकुचित शून्य-आकाशों के नामकरण भी उन्हीं पदार्थों के साथ जोड़े जाते हैं, जैसे किसी घड़े के अंतर्वर्ती शून्य-अवकाश को घटाकाश या घटगगन कहते हैं।

उपचार—किसी पदार्थ पर ऐसे किसी धर्म को थोंपना जो उसका अपना स्वभाव न हो। इसको दूसरे शब्दों में आरोप या उपाधि भी कहते हैं। उदाहरणार्थ उपचार से परमेश्वर को जीव मानना, अखंड असीम आकाश को घटाकाश, महाकाश इत्यादि नाम देना उपचार कहलाता है।

वस्तुवृत्त—किसी भी अवस्था में अन्यथा न हो सकने वाले गुण या स्वभाव को वस्तुवृत्त कहा जाता है। हरेक पदार्थ का कोई-न-कोई निजी स्वभाव या गुण वस्तुवृत्त होता है। परमेश्वर परप्रमाता स्वयं स्वरूप पर ही उपचरित मायीय छायाओं के द्वारा स्वरूप को भिन्न रूपों में प्रस्तुत करते हैं। वे सारे आकार-प्रकार वस्तुवृत्त न होकर संवृतिसत् होते हैं।

भ्रान्ति/ज्ञप्ति—वास्तविक चित्-स्वरूप आत्मा को वास्तविक आत्मा न जानने के रूपवाले अल्पज्ञान, जिसको दूसरे शब्दों में अन्यथाज्ञान, अख्याति इत्यादि नामों से भी अभिहित किया जाता है, भ्रान्ति या भ्रमज्ञान कहते हैं। परमात्मा जब अपनी ही स्वतन्त्र इच्छाशक्ति से अपने अल्पज्ञान या उल्टे ज्ञान या भ्रान्ति को मलियामेट करते हैं तो अंतस् में जिस अखंड ज्योतिर्मयता का साम्राज्य उन्मेष में आता है उसको ज्ञप्ति कहते हैं।

विश्वपदार्थ—समस्त विश्व के अणु-अणु में व्यापक एवं सदा प्रकाशमान रहने वाले चित्-प्रकाश को विश्व-पदार्थ कहते हैं। छोटे, बड़े, ज्ञानी, अज्ञानी सारे प्राणियों की कायाओं में इसी विश्वपदार्थ का अंश जीवात्मा के रूप में निहित रहता है।

विपर्यासद्वय—दो प्रकार के मौलिक अज्ञानों को विपर्यासद्वय कहते हैं। इनका स्वरूप इस प्रकार है—(१) वास्तविक चैतन्यस्वरूप आत्मा पर अनात्म-अभिमान और (२) स्वरूप के ही विस्ताररूप शेष विश्व को स्वरूप से ही कतई भिन्न समझना।

समूल-निरास—मन में विद्यमान विपरीत भावनाओं को नियमित अभ्यासक्रम के अनुसार धीरे-धीरे इस प्रकार गलाते रहना कि मन से उन विपरीत भावनाओं के समेत उनके संस्कार भी पूर्णतया गल जाएँ। इसी क्रियाशीलता को समूल-निरास कहते हैं।

सामान्य—एक ही नाम-रूप वाले पदार्थों में समान रूप से वर्तमान रहने वाले एक और अनेकों से अनुगत धर्म को सामान्य अर्थात् जातिरूपता कहते हैं, पदार्थों का नाश होता रहता है परन्तु उनकी जाति का नाश नहीं होता है। उदाहरणार्थ—विश्वभर के घटों में व्यापक रहने वाला एक ही घटत्व (घटसामान्य) उनकी घटजाति का द्योतक होता है। अलग-अलग घट चाहे नष्ट भी हो जाएँ परन्तु घटत्व कभी नष्ट नहीं हो जाता है।

विशेष—जिस प्रकार सामान्य से जातिरूपता का अवबोध होता है उसी प्रकार विशेष से व्यक्तिरूपता का बोध हो जाता है। किसी पदार्थ की व्यक्तिरूपता में उस पदार्थ के गुण, अर्थ क्रियाकारिता और संज्ञा की सहकारिता रहती है। हरेक पदार्थ का यह विशेष रूप नश्वर होता है। विशेष घड़े टूट कर नष्ट हो जाते हैं। परन्तु उनका सामान्य घटत्व अक्षुण्ण रहता है। स्मरण रहे कि परमशिव को छोड़कर अन्य सारे प्राणियों के कंधों पर यह सामान्य-विशेष का जूआ प्रति समय धरा रहता है। केवल परमपिता परमेश्वर ही इससे अतिक्रान्त हैं।

अपरामृष्ट—इच्छा, ज्ञान, एवं क्रिया— इन तीनों शक्ति मुखों के द्वारा जिस पदार्थ का परमर्श संभव न हो सके उसको अपरामृष्ट कहते हैं। उदाहरणार्थ—खरगोश के सींग, सांप के कान, बांझ का बेटा इत्यादि अपरामृष्ट पदार्थ हैं।

उल्लासन/विलापन—सृष्टि मुद्रा में चित्, आनन्द, इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया— इन पाँच ईश्वरीय शक्तियों का स्वाभाविक विकास अर्थात् चित् से आनन्द, आनन्द से इच्छा, इच्छा से ज्ञान एवं ज्ञान से क्रिया का प्रसार एवं संहारमुद्रा में इसी के विलोम क्रम से क्रिया का ज्ञान में, ज्ञान का इच्छा में, इच्छा का आनन्द में और आनन्द का चित्ता में संहार करने की क्रियात्मकता को क्रमशः उल्लासन/विलापन कहते हैं।

लोष्ट स्थानीय—जिन पदार्थों में इच्छा, ज्ञान एवं क्रिया का स्पन्दन न हो अर्थात् चैतन्यविहीन हों लोष्ट स्थानीय कहते जाते हैं। लोष्ट मिट्टी को कहते हैं।

ज्ञान/विज्ञान—बुद्धि-तत्त्व में किसी भी बाहरी पदार्थ के प्रतिसंक्रमण को उस पदार्थ का ज्ञान होना, और उपरान्त प्रयोगों के द्वारा उसी अधिगत ज्ञान को आत्मिक अनुभूति का विषय बनाने की प्रक्रिया को विज्ञान कहा जाता है।

पुनर्भव—दुबारा जन्म लेने को पुनर्भव (=पुनः— फिर, भव—जन्म लेना) कहते हैं। जब तक आत्मा आणव, मायीय एवं कार्म मलों से छुटकारा नहीं पा लेता है तब तक उसके पुनर्भवों का तांता लगा ही रहता है।

तीर्थान्तरकल्पित—इस पद के पहले 'तीर्थ' – इस खंड से किसी पवित्र तीर्थ का नहीं प्रत्युत किसी दार्शनिक का अभिप्राय है। फलतः इस शब्द के 'तीर्थ+अंतर+कल्पित'—इन खंडों से 'किसी दूसरे दार्शनिक के द्वारा कल्पित होने का' अभिप्राय है।

विग्रहयोग—पाञ्चभौतिक काया में बने रहने को विग्रहयोग कहते हैं। विग्रह शब्द से स्थूल काया का अभिप्राय है।

प्ररोहासमर्थ—ऐसा बीज जिसमें किसी कारण से अंकुरित होने की शक्ति न रही हो।

वितत—जिसकी व्यापकता में कोई 'देश की सीमा' इत्यादि का अवरोध न हो।



प्रणामाञ्जलिः

दिवंगत श्री जानकीनाथ कौल 'कमल'

लाल'सा'ब'लसत्कायलक्ष्मण प्रियदर्शन।
ऐश्वर्यरूप-चिद्रूप चरणौ ते नमाम्यऽहम्॥ १॥

सप्तषष्ट्यसुसाहस्त्रे कन्यागत चतुर्थ्यां नु।
दिल्ल्यां वै भारते प्रातः शिवीभूताय ते नमः॥ २॥

चन्द्रमौलिचमत्कारचर्वणानन्ददायिने।
मातृभक्तिसुबोधाय आदर्शसूनवे नमः॥ ३॥

नैष्ठिकाय निलीनाय नित्यबोध प्रबोधिने।
नारायणानन्ददाय आत्मज्ञाय च ते नमः॥ ४॥

कश्मीरे कृतवासाय काश्मीरजप्रियाय च।
अश्मवारिज-दिव्याय प्रणामाञ्जलयो मम॥ ५॥

इश्बेर आश्रमस्थाय हृदयस्थाय भानवे।
वरदाय वरिष्ठाय चरणौ ते नमाम्यऽहम्॥ ६॥

शैवशास्त्रविचाराय शिवशक्त्यैकरूपिणे।
शास्त्रसाराय पाराय चरणौ ते नमाम्यऽहम्॥ ७॥

विकल्पशान्तवृत्ताय संवित्साम्राज्यदायिने।
कौलिकदेशिकेन्द्राय चरणौ ते नमाम्यऽहम्॥ ८॥

गुरुराजे च रम्याय शिवलक्ष्मणरूपिणे।
शुभलक्षणलक्ष्याय लक्ष्मणाय तु ते नमः॥ ९॥

शारिकाहृद-जुष्टाय प्रभयापरिपूजिते।
गुरुवर्याय वन्द्याय वरेण्याय च ते नमः॥ १०॥

लक्ष्मणाय सुलक्ष्याय शुभलक्षणशालिने।
लक्ष्यालक्ष्यविहीनाय सर्वलक्ष्याय ते नमः॥ ११॥

स्वभक्तैर्हृदिपूज्याय विरक्तवरधारिणे।
सर्वलोकार्तिहाराय विकारविद्विषे नमः॥ १२॥

आचार्याचार्यवर्याय शैवशास्त्रस्वरूपिणे।
काश्मीर-शैव-साराय चरणौ ते नमाम्यऽहम्।। १३।।

सर्वधर्मधुरीणाय धीगुणानतिवर्तिने।
धीर-वीर-दयाद्राय चरणौ ते नमाम्यऽहम्।। १४।।

आराध्यायाविकाराय देवादेवदवीयसे।
दुर्निरीक्ष्याय दिव्याय धर्मवीराय ते नमः।। १५।।

विद्याधराय वीराय वीरपानमदान्विते।
सारदाय स्निग्धाय शोभनाय च ते नमः।। १६।।

कायक्लेशोर्ध्वकाराय कायवर्जितकाभिने।
सर्वकारकवर्याय प्रणामाञ्जलयो मम।। १७।।

साक्षात्कारमृगाङ्काय साक्षरूपाय सूरये।
वह्नितप्तप्रचण्डाय प्रणामाञ्जलयो मम।। १८।।

शरणाय शरण्याय घोरसंसारहारिणे।
सोमसूर्यमरीच्याग्रगम्यदेवाय ते नमः।। १९।।

चर्मदृष्टितिरस्कर्तृमर्मदृष्टि शिवात्मने।
सर्वदृष्टिसुयुक्ताय देवदेवाय ते नमः।। २०।।

शारिकाया शरण्याय प्रभयाद्वैतवर्द्धिने।
शिष्यवृन्दशिरच्छत्ररूपिणे स्वामिने नमः।। २१।।

उपायवनचैत्राय शिवाय शिवयोगिनाम्।
भवीनां कल्पवृक्षाय हृद्गुहाशायिने नमः।। २२।।

विशुद्धभक्तिवृद्धाय ज्ञानोन्मेषप्रपूरिते।
क्रियाविशेषबहुलज्ञानगम्याय ते नमः।। २३।।

प्रपन्नजनवेद्याय प्रस्फुटाय चिदात्मने।
निरालम्बाय नित्याय सूक्ष्मरूपाय ते नमः।। २४।।

आद्यन्तहीनतत्त्वाय स्वात्मविश्रान्तिहेतवे।
नरविग्रहरूपाय नरसिंहाय ते नमः।। २५।।

प्रकृत्या-मन्त्ररूपाय हासव्यङ्गविधायिने।
बाललीलाविलासाय गम्भीराय च ते नमः॥ २६॥

कृतकृत्याय कान्ताय कृताकृतविवर्जिते।
कर्माकर्मविलीनाय क्रियाधीराय ते नमः॥ २७॥

विश्ववन्द्याय विश्वाय विश्वोत्तीर्णस्वरूपिणे।
विरूपाय सुरूपाय चित्ररूपाय ते नमः॥ २८॥

शिव-शंकर-शर्वाय भूतभाविविभाविने।
भारूपाय ज्ञरूपाय प्रज्ञापाराय ते नमः॥ २९॥

कथं वर्णामहे तुभ्यं कथं वन्दामहे विभुम्।
कथं स्मरामहे देवं बत तुभ्यं नमो नमः॥ ३०॥ *



त्रिकदर्शन में भैरव

प्रो. मखनलाल कुकिलू

हमारी भारतीय संस्कृति का भव्य महल वेद, स्मृति, पुराण और आगम नामक चार स्तंभों पर चिरप्रतिष्ठित है। वेदों में वर्णित आचारों के पालने करने की व्यवस्था सत्ययुग के तपस्वी व यशस्वी ऋषियों और मुनियों में बहुप्रचलित थी। त्रेता युग में स्मृतियों में निर्दिष्ट आचारों को ही ग्राह्य माना गया। द्वापर युग में पुराणों में कहे गए आचारों का पालन अनुष्ठेय समझा गया। वर्तमान कलियुग में वेद, स्मृति और पुराणों के आचारों की अपेक्षा, मनुष्य की रुचि में बदलाव आने से, आगमों में प्रतिपादित आचारों को युगानुकूल व्याख्या से सजाकर इस युग के लिए अनुकूल माना गया। आज के वैज्ञानिक वातावरण में पले मानव

* (अपरोक्त "प्रणामाञ्जलिः" दिवंगत आचार्य जानकी नाथ कौल 'कमल' ने सद्गुरु महाराज ईश्वर स्वरूप लक्ष्मणजी महाराज की जन्म जयंन्ती पर प्रकाशित करने के लिए नौ दस मासों से पूर्व मुझे भेजी थी। शायद उन्हें इस बात का आभास पहले से ही हुआ था कि वे सद्गुरु जयन्ती पर परलोक वासी होंगे अतः बहुत समय पहले उन्होंने अपने ये हृदय के उद्गार 'प्रणामाञ्जलिः के रूप में अभिव्यक्त किये थे। सद्गुरु महाराज इनका उद्धार करें।)

के लिए वही आचार संहिता उपादेय है जो उसकी आकांक्षाओं व अभिलाषाओं के अनुरूप हो और जो दुर्गम जीवन पथ को सुकर बनाने में सहायक हो। आगम ग्रंथों में ऐसी ही आचार-संहिता का उल्लेख है जो आजकल के भोग प्रधान जीवन को मोक्ष प्रधान बनाने के लिए रामबाण है। सामाजिकता का पुट भी जितना आगमदर्शन में है उतना अन्यत्र नहीं।


आगम मुख्य रूप से तीन हैं। शैव-आगम, शाक्त-आगम और वैष्णव-आगम। इन आगमों का प्रादुर्भाव या विकास भैरव-भैरवी संवाद, शिव-पार्वती संवाद या गुरु-शिष्य संवाद के रूप में हुआ है। आगम की परिभाषा इस प्रकार है–'आ-ईषत्-अंशतो, गमः-बोधो यस्मात् स आगमः' अर्थात् जो वेद-त्रयी के कर्म, उपासना का ही ज्ञान कराए वह आगम है। 'सर्वतंत्र सिद्धांत पदार्थ लक्षणसंग्रह' में आगम की व्याख्या इस प्रकार है–

आगतं शिववक्त्रेभ्यो गतं च गिरिजाश्रुतौ।
मतं च वासुदेवस्य तस्मादागममुच्यते॥

अर्थात् परभैरव के मुखकमल से प्रकट होकर गिरिजा (पार्वती) के कानों में जाने से और वासुदेव का मत-निश्चय होने से आगम कहा जाता है। तात्पर्य यह है कि गिरिजा को परभैरव ने जो तंत्रशास्त्र का उपदेश दिया वही आगम है, एवं कहीं-कहीं गिरिजा भैरवीरूपों में श्रोत्री बनती है तथा परभैरव वक्ता, तो कहीं-कहीं परभैरव श्रोता बनते हैं और गिरिजा वक्त्री। वक्ता और श्रोता के भेद से इस तरह शैवागम और शाक्त आगम का आविर्भाव हुआ। शैवशास्त्र के केसरी कश्मीरवासी आचार्य अभिनवगुप्त भी इस विषय में कहते हैं कि 'आगमस्तु अनवच्छिन्न महेश्वर प्रकाश परमार्थ' अर्थात् प्रत्यक्ष और अनुमान का प्रामाण्य अवच्छिन्न (संकुचित) है पर आगम का प्रामाण्य अनवच्छिन्न है, क्योंकि परप्रमाता की विमर्शशक्ति ही तो आगम है। अतः आगम स्वतंत्र है। त्रिकदर्शन के अनुसार 'आगम' के 'आ' से पाश, 'ग' से पशु, और 'म' से 'पति', अथवा 'आ' से शिवज्ञान, 'ग' से मोक्ष और 'म' से 'पति' अभिप्रेत है। इससे प्रत्येक वस्तु शासित और सुरक्षित होती है अतः इसे (आगम को) शास्त्र कहते हैं। यह आगम शास्त्र ज्ञान है। इसके द्वारा सब कुछ जाना जाता है। यह तंत्र है क्योंकि इसकी सहायता से प्रत्येक वस्तु सुरक्षित और स्थिरीकृत है अथवा तत्त्व और मंत्र संबंधी ढ़ेर सारे अर्थों का विस्तार करने से भी यह तंत्र है। मनुष्यों की रक्षा (त्राण) करने के हेतु भी यह तंत्र है। ये तंत्र द्वैत, द्वैताद्वैत तथा अद्वैत इन तीन भागों में प्रकट हुए हैं। द्वैत तंत्रों को शिवतंत्र, द्वैताद्वैत तंत्रों को रुद्रतंत्र और अद्वैत तंत्रों को भैरवतंत्र कहते हैं।

भेद प्रधान द्वैत तंत्रों की संख्या दस है, भेदाभेदप्रधान द्वैताद्वैत तंत्रों की संख्या अठारह है और अभेद प्रधान अद्वैत तंत्रों की संख्या चौंसठ है। कुल मिलाकर ये बयानवे तंत्र हैं। ईशान, तत्पुरुष, अघोर वामदेव और सद्योजात ये स्वच्छन्द भैरव के पांचमुख हैं। इन्हीं पांच

श्री ईश्वरस्वरूप लक्ष्मण जू महाराज



आविर्भावदिवस
9-5-1907

महासमाधिदिवस
27-9-1991

मुखों से बयानवे तंत्रों का प्रादुर्भाव हुआ है। ये ही पांच मुख स्वच्छन्दभैरव की चित्, आनंद, इच्छा, ज्ञान और क्रियारूप पांच शक्तियां हैं। अभेद प्रधान चौंसठ भैरवतंत्रों की उत्पत्ति, ईशान, तत्पुरुष आदि पांच मुखों का भैरवरूपता के साथ समावेश होने से हुई है। इनका आविर्भाव आठ अष्टकों (8x8=64) में हुआ है। ये आठ अष्टक आठ भिन्न-भिन्न भैरवों ने प्रवर्तन में लाए हैं। इनके नाम हैं–बहुरूपभैरव, यामलभैरव, चण्डभैरव, क्रोधभैरव, आसिताङ्गभैरव, रुरुभैरव, कपालेशभैरव और उन्मत्तभैरव।

इन सभी अष्टकतंत्रों को सादाशिवचक्र भी कहते हैं। बारीकी से देखा जाए तो उपरोक्त सभी बयानवे तंत्र 'त्रिकदर्शन' के मूलाधार हैं क्योंकि भेदरूपतंत्रों में नररूपता, भेदाभेद प्रधानतंत्रों में शक्तिरूपता और अभेदरूप तंत्रों में शिवरूपता का दिग्दर्शन किया गया है। त्रिकदर्शन की भी यही परिभाषा है कि 'नरशक्ति शिवात्मकं त्रिकम्' अर्थात् जिसमें नररूपता शक्तिरूपता और शिवरूपता का मेल हो वही 'त्रिक' है। कहा भी है कि–

दशाष्टादशवस्वष्टभिन्नं यत् शासनं विभोः।
तत्सारं त्रिकशास्त्रम्।

अर्थात् दस, अठारह और चौंसठ तंत्रों में जो परमेश्वर-शास्त्र विभक्त हुआ है, उन सभी शास्त्रों का सार त्रिकशास्त्र है। त्रिकशास्त्र या त्रिकदर्शन का ही दूसरा नाम आचार्यों ने भैरव-शास्त्र रखा है। यह भैरव शास्त्र ज्ञान या विद्या, योग, चर्या, और क्रिया पाद से पूर्ण है।

अपने सद्गुरुमहाराज ईश्वरस्वरूप श्री लक्ष्मण जी से प्राप्त ज्ञान के आधार पर इन पाँच मुखों का रहस्यात्मक विवरण इस प्रकार है–

श्री स्वच्छन्दभैरव का पहिला मुख 'ईशान' जो है वह ऊर्ध्वमुख है। शास्त्रों में निर्देश है कि 'ऊर्ध्व' प्रकाश का प्रतीक है क्योंकि उनका परमस्वरूप प्रकाश के अतिरिक्त अन्य कुछ नहीं है, इसीलिए 'ईशान' सबसे ऊपर है। श्रीस्वच्छन्दभैरव का दूसरा मुख 'तत्पुरुष' नाम से प्रसिद्ध है। यह तत्पुरुषवक्त्र (मुख) पूर्वमुख है, क्योंकि पूर्व-दिशा में प्रकाशोन्मुखता सदा विद्यमान है।

श्री स्वच्छन्दभैरव का तीसरा मुख 'अघोर' है। यह अघोर (जो घोर भयानक नहीं है) वक्त्र दक्षिण दिशा में है। क्योंकि सब ओर फैले हुए प्रकाश की अनुकूलता दक्षिण दिशा में है। श्री स्वच्छन्दभैरव का चौथा मुख 'वामदेव' है। यह वामदेव वक्त्र उत्तर दिशा में है। 'सोमं मेयं प्रचक्षते' इस शास्त्र कथन के आधार पर मेयरूप सोम (चंद्रमा) का संबंध उत्तर दिशा से है और वामदेव वक्त्र भी मेयाभिमुखीन माना जाता है।

श्री स्वच्छन्दभैरव का पांचवा मुख 'सद्योजात' है। यह सद्योजात वक्त्र (मुख) प्रकाश विमुख रहने से पश्चिम दिशा की ओर स्थित है। स्वच्छन्दभैरव के चित्र में चित्रित पांच मुखों का रहस्य इसी रूप में समझना चाहिए।

इसी प्रसंग में यहां यह उल्लेख करना भी आवश्यक है कि ईशान भैरव तुरीयातीत है तत्पुरुष तुर्य है अघोर भैरव संहार प्रधान है, वामदेव सृष्टि प्रधान और सद्योजात स्थिति प्रधान है। स्वच्छन्दभैरव के पञ्चकृत्यों अनुग्रह, निग्रह, संहार, सृष्टि और स्थिति का संबंध भी इन्हीं पांच भैरवों से है। पंचभूतों पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश का संबंध भी स्वच्छन्दभैरव के इन्हीं पांचमुखों के साथ आरोह क्रम में समझना चाहिए अर्थात् ईशान का संबंध आकाश तत्त्व के साथ, तत्पुरुष का वायु, अघोर भैरव का तेज, वामदेव भैरव का जल और सद्योजात भैरव का पृथ्वीतत्त्व के साथ समझना चाहिए।

इसी प्रकार साधक को अपने अंगों में भी स्वच्छन्दभैरव के इन्हीं पांच स्वरूपों का समावेश करना चाहिए। अर्थात् 'ईशान भैरव' को मूर्धा में (सिर में) तत्पुरुष को मुख में, अघोरभैरव को हृदय में वामदेव को गुह्य स्थान में, और सद्योजात को सारे शरीर में। ईशान भैरव को मूर्धा (सिर) में समावेश करने का अभिप्राय यह है कि जैसे नर शरीर में मूर्धा का स्थान सर्वोपरि है, इसी प्रकार ईशानमूर्ति सर्वोपरि है। तत्पुरुष को मुख में अधिष्ठित होने का तात्पर्य यह है कि देव, नर आदि तत् तत् (उन-उन) पुरुषों में अधिष्ठित होने से यह जन्ममरण भय से रक्षा कर और ज्ञान व क्रिया आविर्भावक है। यही बात आचार्य उत्पलदेव ने ईश्वर सिद्धि ग्रंथ में कही है–

'व्यनक्ति ज्ञान क्रिये, त्रायते जन्मादि भयात् तत् तत्पुरुषवक्त्रम्।' अघोर को हृदय में समावेश करने का तात्पर्य यह है कि हृदय का अर्थ बोध है। संवित् बोध (Supreme consciousness) जिससे हो, वही हृदय है। हृदय का 'हृदि अयोगमनं ज्ञानम्' अर्थ करने पर इसके अर्थ की सीमा का विस्तार होता है। यह अंतः स्पन्दन (Vibration) भी है और बहिःस्पंदन भी है। इन दोनों स्पंदनों का उत्पत्ति स्थान और विश्रान्ति स्थान संवित्भाव ही है। इसी को शैव शास्त्रों में हृदय का नाम दिया है। हृदय में 'हृत्' विश्वोत्तीर्णता और 'अय' विश्वमयता का सूचक है। अतः 'अघोर-हृदयाय नमः' कहकर अघोर भैरव की विश्वोत्तीर्णता और विश्वमयता की ओर संकेत है।

'वामदेवगुह्याय नमः' का तात्पर्य है कि 'वामदेव' का गुह्यस्थान (मूलाधार) में समावेश करके कुंडलिनी का उत्थान षट्चक्रभेदन द्वारा करना चाहिए। असंख्य जीवों के वासनाजाल भी अनेक प्रकार के हैं। इन्हीं वासनाओं के अनुसार कार्ममल से ग्रस्त प्राणी

धर्म, अर्थ और काम के द्वारा अतिलुब्ध होकर, इसी वामदेव भैरव से निचले-निचले प्रदेशों में धकेले जाते हैं। 'नीचे धकेलना' भी 'वाम' शब्द का एक अर्थ है। पर इनका यह वास्तविक रूप अज्ञानीजनों को 'गुह्य' रहता है अतएव इस प्रकार का मंत्रन्यास अर्थात् **'वामदेव गुह्याय नमः'** किया जाता है।

संतों, योगियों और साधकों के समक्ष अपने-अपने भाव के अनुसार सौम्यमूर्ति स्वच्छन्दभैरव जब-जब प्रकट होते हैं तो उस समय उनकी सद्योजात मूर्ति का ही अंगों में समावेश होता है। अतएव **'सद्योजात मूर्तये नमः'** का प्रयोग होता है।

सीमित ज्ञान वाले साधक प्रायः भैरव शब्द के सुनने से ही भयभीत होते हैं क्योंकि उन्हें भैरव शब्द की वास्तविकता का ज्ञान नहीं के बराबर होता है। हमारी कश्मीरी भाषा में भी यदि कहीं 'भैरव' शब्द का प्रयोग होता है तो श्रोता के मन में किसी भयानक आकृतिधारी का बोध होता है। जैसे–**'भ'रव ह्यु'य छुख भासान'** भैरव जैसा दिखते हो। पर हमें अपने मन में इस भ्रांति को सर्वथा मिटाना चाहिए कि भैरव जैसा सौम्य मूर्ति से शोभित कोई संसार में नहीं। स्वच्छन्दतंत्र में भैरव की व्याख्या इस प्रकार की गई है–

नील हर्षादिभेदेन यत् बाह्याभ्यन्तरं जगत्।
अहं इत्यामृशन् पूर्णो भैरवः समुदाहृतः॥

अर्थात् आंख आदि बाहिरी इंद्रियों और मन बुद्धि अहंकारात्मक आंतरिक इंद्रियों से जो घट-पट आदि जगत के विभिन्न पदार्थों का तथा सुख, दुःख, राग, मोह आदि का ज्ञान होता है, उसे अहं परामर्श में रंगने वाला अर्थात् नील जगत् घटा पटादि शिवरूप है और हर्ष-सुख दुःखादि रूप जगत् भी शिवरूप ही है इस समरसता को जतलाने वाला, भैरव नाम से पुकारा जाता है।

श्री रुद्रयामल तंत्र में भैरव को चौंसठ तंत्रों का समन्वित सौम्यरूप माना है और पराशक्ति भैरवी को उस सौम्य रूपधारी भैरव की वाहिका शक्ति माना है।

श्रीकुलार्णवतंत्र में कहा है कि भैरव अपनी सौम्यमूर्ति से हृदय की ग्रंथि को खोलता है, सारे संशयों को मिटाता है, तथा प्राचीन कर्मफल भोग को नष्ट करता है। आचार्य अभिनवगुप्त ने तंत्रालोक में 'भैरव' की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लिखा है–

भीरूणामभयप्रदो भवभयाक्रन्दस्य हेतुस्ततो
हृद्धाम्नि प्रथितश्च भीरवारुचामीशोऽन्तकस्यान्तकः।
भीरं वायति यः स्वयोगिनिवहस्तस्य प्रभुर्भैरवो
विश्वस्मिन् भरणादि कृत् विजयते विज्ञानरूपः परः॥

अर्थात् डरपोकों को भयरहित बनाने वाले, संसार के भय को दूर हटाने में कारणभूत, अपने भक्तों के हृदय में सदा रहने वाले, अपने अंगों की कांति और शब्द से भय उत्पन्न करने वाले, महाकाल का भी अंत करने वाले, सारे लोगों के स्वामी, कष्ट में पड़े हुए अपने उपासक योगियों के समूह की रक्षा करने वाले, विज्ञानस्वरूप भैरव पालनपोषण आदि कर्म करते हुए संसार में सर्वत्र विजयी हो रहे हैं।

वेदों में 'चित्' एवं 'आनंद' शब्दों द्वारा जिसके स्वरूप की ओर संकेत किया गया है, वही त्रिकदर्शन में भैरव नाम से पुकारा गया है। चिति, परा संवित् पराहन्ता आदि शब्दों से उसी के शुद्ध प्रकाश की ओर संकेत किया गया है। उसी को वेदों में रुद्र की संज्ञा दी गई है जिसका सौम्यरूप यह कहकर स्पष्ट किया गया है–

'या ते रुद्र शिवा तनूरघोराऽपाप काशिनी।
तया नस्तन्वा शन्तमया गिरिशन्ताभिचाकशीहि॥'

हे रुद्र देव! आपका जो कल्याणकारी अघोर अर्थात् सुंदर पुण्यफल को प्रकाशित करने वाला शरीर है उसी कल्याणकारी शरीर से मेरी ओर देखो।

परभैरव की दुर्धर्ष ज्वाला से प्रकट बने हुए परभैरव के ही अंशभूत **श्री वटुक-भैरव**– जिसने कश्मीर वासियों की शिवरात्रि पूजा में एक महत्त्वपूर्ण स्थान प्राप्त किया है और जिसके नाम से कश्मीर के सारे बच्चे, युवा और बूढ़े चिरपरिचित हैं, का ध्यान भी अतीव आकर्षक और मनोहर है। यह बाल-भैरव स्फटिकतुल्य है, घुंघराले बालों से इसका मुख सुंदर बना है, दिव्य नवमणियों से सुशोभित करधनी और पायलों से रमणीय बना है, प्रज्ज्वलित आकार वाला है, तीनों भुवनों में पूजनीय है, लाल वस्त्रों को धारण करने वाला और अपने कमल जैसे सुंदर छोटे-छोटे हाथों में त्रिशूल और दंड लिए हुए है।

वन्दे बालं स्फटिक सदृशं कुन्तलाभासि वक्त्रम्,
दिव्याकल्पैर्नव मणिमयैः किंकिणी नूपुराढयम्।
दीप्ताकारं त्रिभुवन नतं रक्तवस्त्रं त्रिनेत्रं,
हस्ताब्जाभ्यां वटुकमनिशं शूलदण्डौ दद्यानम्॥

कैसी सौम्यमूर्ति इस भैरव की है कि मात्र पढ़ने से ही प्राणी मंत्रमुग्ध-सा होता है। इस वटुक-भैरव के सात्त्विक, राजस और तामस तीनों रूपों का वर्णन 'शारदातिलक' नामक तंत्र में विशद रूप से किया गया है। सात्त्विक रूप साधना से यह आयु, स्वास्थ्य और मोक्ष देने वाला है। राजस रूप साधना से भूत ग्रहादि द्वारा शत्रु का शमन करता है। इस प्रकार तीनों रूपों में यह भैरव कल्याणकारी है। त्रिकदर्शन में वटुकभैरव को आचार्य अभिनवगुप्त

ने अपान वायु की संज्ञा दी है। वे कहते हैं कि मैं उस अपाननाम वाले वटुक-भैरव को प्रणाम करता हूं जो अपने भक्तों की पीड़ा मिटाते हैं और जिसके प्रकाश विमर्शरूप दोनों चरणों की पूजा, सिद्ध पुरुषों ने, उत्तम वीरों ने और योनियों ने की है।

वरवीर योगिनी गण सिद्धावलि पूजितांघ्रियुगलम्।
अपहृत विनयि जनार्तिं वटुकमपानाभिधं वन्दे॥

आचार्य अभिनव गुप्त ने अपने 'देहस्थ देवता चक्र' नामक स्तोत्र में भैरव की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि सारी इंद्रिय वृत्तियां अपने-अपने शब्द स्पर्श रूपादि भोगों से भैरव नाथ को हृदयकमल में सदा पूजती हैं, यहां तक कि ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वाराही, इन्द्राणी, चामुंडा, नारसिंही या महालक्ष्मी नामक आठ मातृका शक्तियां भी अपनी-अपनी दिशाओं में विराजमान रहकर चिद्रूप आनंद भैरव की निरंतर अर्चना करती है। इस भैरव रूप अपने ही स्वरूप को प्रकट करने के लिए स्वरूपसंवित् के विमर्श में सदा उद्यत रहना चाहिए। कश्मीरवासी आचार्य दिवाकर भट्ट के सुपुत्र श्री भास्कर भट्ट रचित 'शिवसूत्रवार्तिक' में उन्होंने भैरव शब्द की व्याख्या इस प्रकार की है–

भरणात् रमणादत्र वमनादपि चोच्यते।
अखण्डित निजाभास प्रथनात् अपि चिद्विभोः॥

अर्थात् 'भैरव' के तीन वर्णों में 'भ' 'र' 'व' में से 'भ' का तात्पर्य भरणात्–धारण करने से तथा पुष्टि करने से, 'र' का तात्पर्य है रमणात्–अंदर बाहिर आने से (सृष्टि-संहार से–त्रिकदर्शन के अनुसार सृष्टि का अर्थ है अंदर विद्यमान जगत को बाहर लाना, संहार का अर्थर है बाहर दीखने वाले सारे जगत को फिर अंदर लेना) 'व' का अर्थ है–वमनात् अर्थात् वमन करने से भैरव की भैरवता है।

सारांश यह है कि अपनी परमेश्वरता के बहिर्मुख उन्मेष से भैरव संसार की रचना करता हुआ उसका वमन करता है, जगत को ठहराता हुआ उसका भरण करता है और सृष्टि संहार आदि के द्वारा अपनी पारमेश्वरी शक्ति के साथ तथा उसी के बहिर्मुखी विकास रूप इस जगत के साथ भी सदा रमण करता रहता है अतः वह भरण रमण और वमन करता हुआ 'भैरव' कहलाता है। शिवसूत्र में भी आचार्य वसुगुप्त ने कहा है कि **'उद्यमो भैरवः'** अर्थात् शाम्भवोपायरूप इच्छाशक्ति का तीव्र प्रयोगात्मक उद्यम (उद्योग) साधक की भैरवता को चमका देता है।

त्रिकदर्शन के अनुसार इस तरह परमेश्वर का बहिर्मुख उन्मेष भी भैरव है और साधक के द्वारा स्वरूप स्थिति की ओर किया गया इच्छाशक्ति का प्रयोग भी भैरव कहलाता है।

त्रिकशास्त्र की क्रमशाखा के प्रवर्तक श्री शिवानंदनाथ ने लिखा है कि–**'भैरवरूपी कालः सृजति जगद् कारणादि कीटान्तम्'**

अर्थात् काल भी भैरव रूप को पाकर ब्रह्मा से लेकर कीट पर्यन्त (कीड़े-मकोड़े तक) सारे स्थावर जंगम संसार की उत्पत्ति करता है।

'तंत्रालोक' के प्रथम आह्निक में भैरव को द्वादशारमहाचक्र का नायक कहा है क्योंकि उसी भैरव की परा, परापरा, अपरा नामक तीन शक्तियां सृष्टि स्थिति, लय और तुर्यदशा में सर्वसर्वात्मकरूप से बारह प्रकार से प्रकाशित होती हैं। इस प्रकार त्रिक दर्शन ने मुक्त कंठ से भैरव की महानता की प्रशंसा की है। इसे संसार भीरुहितकृत् अर्थात् भय के कारण भूत संसार में अभय देकर कल्याण करने वाला, अथवा संसार से विमुखता प्रदान करने वाला कहा गया है। इसे सूर्यचंद्रादि नक्षत्रों को प्रेरित करने वाले काल के स्वरूप को निगलने वाला और समाधिनिष्ठ योगियों का स्वामी भी कहा है।

अपनी छोटी-सी पुस्तिका 'पर्यन्त पञ्चाशिका' में आचार्यपाद अभिनवगुप्त ने भैरव की व्याख्या करते हुए भैरव को त्रिकदर्शन का आराध्य माना है तथा अन्य देवताओं से थोड़ी मात्रा में उसे भिन्न कहा है। वह सद् असद् उभयरूप है। भैरवावस्था में कलाध्वा, तत्वाध्वा, भुवनाध्वा, वर्णाध्वा, पदाध्वा और मन्त्राध्वा नामक वाच्यवाचक रूप सृष्टि अपने अस्तित्व को उसी में समेटे हुई है। विमर्शशक्ति को, जो चैतन्य का ही रूप है, जिसमें इच्छा, ज्ञान और क्रिया सम्मिलित हैं, इस भैरव का हृदय कहा गया है। कुछ भी उससे भिन्न नहीं माना जाता। अपनी इच्छा शक्ति के बल पर वह अनाश्रित शिव से लेकर पृथ्वी तत्त्व तक प्रत्येक रूप में प्रकट होता है। निश्चय से यह समझना कि 'मैं भैरव हूं और सारा विश्व मेरा ही रूप है, मेरा ही विकास है। यह मुझसे इसी प्रकार अभिन्न है जिस प्रकार पावक से उसकी दाहिका शक्ति और भास्कर से उसकी प्रभाशक्ति अवियुक्त है। मैं ही प्रमाता, प्रमाण और प्रमेय रूप में दिखता हूं। सारा शक्तिचक्र मेरा ही विस्तार है। मैं ही बंधन और मोक्ष के लिए जिम्मेवार हूं। मैं विश्वात्मक भी हूं और विश्वोत्तीर्ण भी हूं।'

त्रिकदर्शन में भैरव की मान्यता पर विहंगावलोकन करके मैं अपने सद्गुरु ईश्वरस्वरूप लक्ष्मणजी महाराज के उपदेशामृत का पान कराने के लिए संसार सागर से मुक्त होने वाले साधकों को निमंत्रित करता हूं कि वे रातदिन समाहित होके केवल उनके इस मूलमंत्र का ही मनन करें–

अकलितमहिमोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम्
भैरवोऽहं शिवोऽहं भैरवोऽहं शिवोऽहम्॥